उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना।

संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक सवंर्ग) 03/2025 दिनांक जून 11, 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी/पीएसटी) में अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों मे दिनांक **15.06.2026** से प्रारम्भ हो रही है।

2. अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों को निर्गत प्रवेश पत्र में अन्य अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र की प्रति डीवी/पीएसटी परीक्षा स्थल पर लाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र की प्रति उनके पास उपलब्ध न होने के सम्बन्ध से बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है।

3. अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in** पर **दिनांक 12.06.2026** को उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की प्रति उक्त लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं

4. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।